# आपकी कचरा और रीसायक्लिंग (फिर से नया करना) सेवा:

## आपको क्या जानने की जरूरत है




HUTT CITY
TE AWA KAIRANGI

शाक (सब्जियां) आधारित स्याही का उपयोग करके 100% रीसायकल किए गए कागज पर मुद्रित। आप मुझे रीसायकल कर सकते हैं!

TOO GOOD
TO WASTE
Maimoatia Kei Moumou

# आपकी नई कचरा और रिसायक्लिंग पुस्तिका का स्वागत है!

यहाँ आपको अपने कूड़ेदानों के बारे में जानकारी मिलेगी, उनमें क्या डाला जाता है, विशेष वस्तुओं के साथ क्या करना है, और भी बहुत कुछ।

**लाल ढक्कन**
केवल घर का सामान्य कचरा
**पृष्ठ 3**

**पीला ढक्कन**
केवल स्वीकृत रीसायकल की जाने वाली चीजें
**पृष्ठ 4**

**कांच का क्रेट (टोकरा)**
केवल साफ कांच की बोतलें और जार
**पृष्ठ 5**

**हरा ढक्कन**
केवल बगीचे का कचरा
**पृष्ठ 6**

आप अपनी अगली [कूड़ा] संग्रह तिथि भी देख सकते हैं, विशिष्ट वस्तुओं की खोज कर सकते हैं, निःशुल्क हरित-जीवन संसाधन ढूंढ सकते हैं, और भी बहुत कुछ, **toogoodtowaste.nz** पर देख सकते हैं।

**क्या आपके पास एक साझा बिन है?**
यदि आप साझा कूड़ेदान रखने वाली संपत्ति में रहते हैं, तो आपके पास बड़े कूड़ेदान हो सकते हैं जो यहाँ सूचीबद्ध कूड़ेदानों से अलग होंगे।

**याद रखें:** कम करें, पुन: उपयोग करें, फिर रीसायकल करें।



# आपकी रीसायक्लिंग फेंकने योग्य नहीं है...

...और इसीलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सही जगह पर जाए।

रीसायकल करने योग्य वस्तुओं को सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल में जाने से रोकने का एक शानदार तरीका रीसायक्लिंग चैंपियन बनना है।

जब रीसायक्लिंग सामग्री दूषित हो जाती है, तो लोअर हट को इसकी कीमत दो तरह से चुकानी पड़ती है: आर्थिक रूप से, क्योंकि दूषित रीसायक्लिंग को संसाधित करने में अधिक लागत आती है, और पर्यावरण की दृष्टि से, क्योंकि इससे रीसायक्लिंग को लैंडफिल में भेजना पड़ता है जिसे रीसायकल किया जा सकता था। सबसे खराब स्थिति में, संदूषण के कारण पूरे ट्रक का सामान लैंडफिल में जा सकता है!

इसीलिए हमारे पास अपने बिनों पर स्टिकर लगाने का सिस्टम है: ताकि हर किसी को इसका सही प्रयोग करने में मदद मिल सके। जब हमारे बिन राजदूतों द्वारा इनकी जाँच की जाए, तो आपके रीसायक्लिंग बिन को तीन स्टिकर में से एक मिलेगा:

**हरा स्टीकर**
आपके रीसायक्लिंग बिन में केवल वे वस्तुएं थीं जिन्हें रीसायक्लिंग के लिए इकट्ठा किया जा सकता है। धन्यवाद, इसे जारी रखें!

**नारंगी स्टीकर**
आपके रीसायक्लिंग बिन में 1-2 ऐसी वस्तुएं थीं जो वहां नहीं होनी चाहिए थीं। अगली बार कृपया जाँच करें कि सब कुछ सही है।



**लाल स्टीकर**
**पहला**
आपके रीसायक्लिंग बिन में अस्वीकार्य वस्तुएं / सामग्री थी, इसलिए उसे खाली नहीं किया गया।

**दूसरा**
आपके रीसायक्लिंग बिन में दूसरी बार अस्वीकार्य वस्तुएं / सामग्री थी। यदि ऐसा तीसरी बार होता है, तो आपकी रीसायक्लिंग सेवा निलंबित कर दी जाएगी।

# आपका ipupara / कूड़ेदान

यह आपका लाल ढक्कन वाला पहियेदार कूड़ेदान है, और यह केवल कूड़े के लिए है।

✓ **हाँ**

- सामान्य कचरा: कोई भी घरेलू कचरा। हालाँकि, यदि किसी चीज़ को रीसायकल किया जा सकता है (पृष्ठ 4 देखें), खाद बनाई जा सकती है, या आपके हरे कूड़ेदान में डाला जा सकता है (पृष्ठ 6 देखें), तो कृपया ऐसा करें!

✗ **नहीं**

- गर्म राख या तरल पदार्थ
- हरा कचरा, यदि आपके पास हरे ढक्कन वाला बिन है तो (पृष्ठ 6 देखें)
- खतरनाक कूड़ा जैसे कि बड़ी बैटरियां और गैस की बोतलें (पृष्ठ 9 देखें)

**सुझाव:** खाने के कचरे को अपने कूड़ेदान में डालने की बजाय एक कंपोस्ट बिन लें!

**सुझाव:** अपने कूड़ेदानों के ढक्कनों की चिकनी सतह पर परमानेंट मार्कर (स्थायी पेन) से अपना पता लिखें।

**मुझे साप्ताहिक रूप से एकत्र किया जाता है**




## क्या आपको पता था?

जब हरा कचरा लैंडफिल में जाता है, तो यह मीथेन नामक एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस बनाता है जो जलवायु संकट में योगदान देती है। इसे अपने लाल ढक्कन वाले कूड़ेदान में डालने के बजाय, खाद बनाने का प्रयास करें या हमारी ग्रीन वेस्ट (हरित कचरा) सेवा के लिए साइन अप करें।



# आपका रीसायक्लिंग बिन

यह पीले ढक्कन वाला आपका व्हीली बिन (पहियेदार कूड़ेदान) है, और यह केवल उन वस्तुओं/सामग्रियों के लिए है जिन्हें हम रीसायकल कर सकते हैं।

✓ हाँ

- कागज और गत्ते
- टिन और कैन
- प्लास्टिक कंटेनरों पर यह अंकित है: ♳ ♴ ♷ (आमतौर पर आइटम के नीचे पाया जाता है)

✗ नहीं

- झूठन या भोजन का कचरा
- काँच
- बैटरियां
- नैपीज़
- पेय पदार्थ के कार्टन/टेट्रापैक
- पॉलीस्टायरिन, कपड़ों के हैंगर या खिलौने
- सॉफ्ट (मुलायम) प्लास्टिक, क्लिंग फिल्म और स्ट्रैपिंग (सामान बांधने वाली पट्टियां)
- कॉफी / टेक अवे कप
- पौधे लगाने वाले गमले
- पेंट या खतरनाक पदार्थ के डिब्बे
- मरे हुए जानवर (हाँ, हमने वे भी देखे हैं...)

**यदि संदेह हो तो hutt.city/binsearch को देखें**




## क्या आपको पता था?

दूषित रीसायक्लिंग बिन से अच्छी रीसायक्लिंग को भी लैंडफिल में भेजा जा सकता है और कुछ लोगों के रीसायक्लिंग बिन खो सकते हैं (अर्थात उनकी रीसायक्लिंग सेवा निलंबित की जा सकती है)! आपके रीसायक्लिंग बिन में केवल उपरोक्त अनुमोदित रीसायकल करने योग्य वस्तुएं ही होनी चाहिए।

# काँच के लिए आपका रीसायक्लिंग टोकरा

यह आपका नीला, ऊपर से खुला टोकरा है, और यह केवल काँच के डिब्बों के लिए ही है। यदि आप कर सकते हैं तो वस्तुओं का पुन: उपयोग करना याद रखें!

✓ **हाँ**

- साफ काँच की बोतलें और जार

✗ **नहीं**

- डिब्बे / टिन (ये आपके पीले ढक्कन वाले रीसायक्लिंग बिन के लिए हैं)
- टूटे हुए काँच
- ढक्कन, कैप या कॉर्क
- मेज के बर्तन और पाइरेक्स
- पीने के गिलास
- लाइट बल्ब
- आइने या खिड़कियों के काँच

**सुझाव:** उन दुकानों पर नज़र रखें जो आपको अपने स्वयं के जार लाने की सुविधा प्रदान करते हैं! यह ज्यादा आसान और पर्यावरण के लिए बेहतर है।




## क्या आपको पता था?

काँच को Tāmaki Makaurau/ऑकलैंड में VISY में भेजा जाता है, जहाँ इसे नई काँच की बोतलों और जार में फिर से तैयार किया जाता है।



# आपका ipupara tupu / हरा (बगीचे का) कूड़ेदान

हो सकता है कि आपने हरे ढक्कन वाला 240 लीटर का पहियेदार बिन प्राप्त करने का चुनाव किया हो, जो केवल बगीचे के कचरे के लिए है।

✓ **हाँ**

- कटी घास के टुकड़े
- पौधों के कटे टुकड़े

✗ **नहीं**

- कूड़ा
- धूल या मिट्टी
- कंक्रीट या पत्थर
- नैपीज़
- भोजन का कचरा
- पालतू जानवरों का कचरा
- रासायनिक रूप से उपचारित लकड़ी के उत्पाद

**सुझाव:** यदि आपके पास हरे ढक्कन वाला कचरा बिन नहीं है, या आपके पास बड़ी मात्रा में हरा कचरा है, तो आप इसे Silverstream (सिल्वरस्ट्रीम) या Seaview (सीव्यू) ट्रांसफर स्टेशनों पर हरा कचरा ड्रॉप-ऑफ़ पर ले जा सकते हैं।





## क्या आपको पता था?

खाद बनाने और भोजन की बर्बादी को कम करने की युक्तियों के लिए, यहाँ जाएँ toogoodtowaste.co.nz/supporting-the-hutt

# Te Awa Kairangi ki Tai लोअर हट में सस्टेनिबिलिटी (स्थिरता) के लिए आधिकारिक वेबसाइट!

हमारे शहर में अधिकांश लोग व्यस्त हैं और उनके पास सोचने के लिए लाखों चीजें हैं - इसलिए हम पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ जीवनशैली को आसान बनाना चाहते हैं!

इसके लिए **toogoodtowaste.nz** देखें:




**आइटम लुक-अप (वस्तुओं की खोज)**
किसी विशिष्ट वस्तु के बारे में अनिश्चित हैं? इसे कहाँ जाना है यह देखने के लिए दुबारा जाँच करें।

**आपका कलेक्शन (संग्रहण) कैलेंडर**
क्या आपको अपने संग्रह की तारीखों की जाँच करने की आवश्यकता है, लेकिन आपके पास रबिश एन्ड रीसायक्लिंग कैलेंडर उपलब्ध नहीं है? अब और ढूंढने की जरूरत नहीं है।

**Kidzone**
इन tamariki (बच्चों)- अनुकूल खेलों, गतिविधियों और संसाधनों के साथ सारे whānau (परिवार ) के लिए मनोरंजन!



TGTW बोर्डगेम



अपना खुद का कृमि फार्म बनाएं

**पर्यावरण-संसाधन जिन्हें आप अनदेखा नहीं कर सकते**
ये टिकाऊ जीवनशैली को और भी आसान बनाते हैं।

**आपकी रीसायक्लिंग कहाँ जाती है**
जानें कि आपके पीले-ढक्कन वाले बिन में डालने के बाद आपकी रीसायक्लिंग का क्या होता है।

**ईको-चैंपियन हॉटस्पॉट**
लोअर हट उन अद्भुत स्थानों से भरा हुआ है, जहाँ आप उस कचरे को छोड़ सकते हैं जो आपके कर्बसाइड (सड़क के किनारे) संग्रहण में नहीं जाता है या अच्छा नया सामान (अक्सर सस्ते में...) उठा सकते हैं, ऐसे स्थान जहाँ आप पर्यावरण की मदद करने में अधिक सक्रिय हो सकते हैं, और भी बहुत कुछ!

# अन्य वस्तुओं का निपटान कैसे करें

आप Taita (**earthlink.org.nz**) में Earthlink पर बहुत सारी चीज़ें/सामान ले जा सकते हैं - उनकी दुकान पर भी जाएं!



### ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरा):

कंप्यूटर, टैबलेट, मॉनिटर, कंप्यूटर सहायक उपकरण, प्रिंटर और कैमरे आमतौर पर Earthlink और TechCollect में भाग लेने वाले खुदरा विक्रेताओं के पास छोड़े जा सकते हैं।



### Whiteware (फ्रिज, फ्रीजर आदि):

सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर लेकर जाएं, (लैंडफिल शुल्क लागू होता है)।



### गैस की बोतलें और सिलेंडर:

सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का निःशुल्क निपटान।



### कार बैटरियां और lithium-ion (लिथियम-आयन) बैटरियां:

सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का निःशुल्क निपटान।




### तेल, उद्यान रसायन, घरेलू रसायन, पेंट और सॉल्वेंट्स (द्रावक):

सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का निःशुल्क निपटान।
कृपया इन्हें अपने घरेलू नालियों में न बहाएं!



### दवा, शार्प्स, सुईं और एपिपेन ऑटो इंजेक्टर:

सुरक्षित निपटान के लिए अपनी स्थानीय फार्मेसी में ले जाएं।



### धातु उत्पाद:

Macaulay Metals (मैकाले मैटल्स) जैसे धातु रीसायकल करने वाली जगहों पर निःशुल्क निपटान।



# अपने कूड़ेदान को बाहर रखना

### आपके [कूड़ा] संग्रहण के दिन

अपने संग्रहण कैलेंडर को **toogoodtowaste.nz** से प्राप्त करें - बस अपना पता टाइप करें!

लाल-ढक्कन वाले कूड़ेदान हर हफ्ते बाहर रखे जाते हैं, जबकि पीले-ढक्कन वाले रीसायक्लिंग डिब्बे और कांच के रीसायक्लिंग टोकरे हर पखवाड़े वैकल्पिक हफ्तों में बाहर रखे जाते हैं।

हरे ढक्कन वाले डिब्बे हर चार सप्ताह में एकत्र किए जाते हैं, यदि आपके पास इनमें से एक है तो आपको इस सेवा के लिए **toogoodtowaste.nz** वेबसाइट पर एक अलग कैलेंडर मिलेगा।


### अपने कूड़ेदानों को बाहर कब रखें

आपके कूड़ेदान सुबह 6 बजे तक (या पहली शाम को!) कुंडी लगाकर सुरक्षित करके सड़क के किनारे रखे होने चाहिए।

जितनी जल्दी आप उन्हें अंदर ला सकें उतना बेहतर होगा - एक बार डिब्बे खाली हो जाने के बाद, उनके उड़ने की संभावना अधिक होती है।

यदि आपका कूड़ेदान केवल आधा भरा है, तो कूड़ेदान को उड़ने और फैलने से बचाने के लिए एक सप्ताह बाहर नहीं रखने के बारे में विचार करें।

### अपने कूड़ेदान को बाहर कैसे रखें



# आइए लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा कम करें

यदि आपके कोई प्रश्न, अनुरोध या समस्याएँ हैं, जैसे कि:

- किसी विकलांगता या चिकित्सीय कारण से अपने कर्बसाइड संग्रहण में सहायता प्राप्त करना
- यदि आपके बिन को खाली नहीं किया गया था तो क्या करें
- बिन का साइज (आकार) बदलना
- हरा कूड़ादान प्राप्त करना
- नई संपत्ति के लिए बिन ऑर्डर करना

कृपया **hutt.city/HCCbinform** पर जाएं या हमें **04 570 6666 / 0800 488 824** पर संपर्क करें या **contact@huttcity.govt.nz** पर ईमेल करें।

आप हमें 30 Laings Road, Hutt Central, Lower Hutt में व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए भी आ सकते हैं।



यह पुस्तिका डाउनलोड के लिए **hutt.city/TGTWbooklet** पर इन भाषाओं में भी उपलब्ध है: टि रियो माओरी, सामोअन, 中文 (简体) चाईनीज (सरलीकृत), 中文 (繁體) चाईनीज (पारंपरिक)